वर्ष : 04 अंक : 289 Reg no-JH-04-000-1393 www.politelive.com धनबाद, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024




# रामनवमी के अवसर पर कोयलांचल मे निकाले गए भव्य अखाड़ा, झांकी दिखाये गए करतब

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जय श्रीराम, जय श्री राम के जयकारे से पूरा कोयलांचल रामनवमी के अवसर पर गूंजता रहा. शहर के धनबाद,झरिया,कतरास, सिंदरी, राजगंज, गोविंदपुर, निरसा, कतरास के हर चौक-चौराहों से लेकर मुख्य सड़कों तक अखाड़ा दल के सदस्यों ही नजर आ रहे थे.

धनबाद के बैंक मोड़,पुराना बाजार,हीरापुर हटिया हरि मंदिर,पार्क मार्केट, पुलिस लाइन, सराढेला,मटकुरिया के सड़कों पर राम भक्तों का तांता लगा हुआ था,

चारों ओर भगवा पताका और हनुमान जी का ध्वज ही नजर आ रहा था,

चारों ओर दुनिया चले न श्रीराम के बिना, रामजी चले न हनुमान के बिना... रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी...' जैसे बज रहे गीत युवाओं के उत्साह बढ़ा रहे थे. हीरापुर हरि मंदिर व पुराना बाजार परिसर में आयोजित मुख्य अखाड़ा में जुलूस की शक्ल में विभिन्न दल के सदस्य पहुंचे. विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात श्रीराम व हनुमान जी का पताका फहराने के बाद समारोह की शुरुआत हुई. इसके बाद अखाड़ा के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर करतब दिखाया.











## गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति व विहिप ने अखाड़ा दलों का किया स्वागत :

गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति व विश्व हिंदू परिषद ने अखाड़ा दल के खिलाड़ियों का स्वागत किया. सभी के लिए पेयजल की व्यवस्था की गयी थी. बैंकमोड़ जेपी चौक पर विशाल स्टेज बनाया गया था. यहां पेयजल व फर्स्ट एड की व्यवस्था थी.

हीरापुर हरि मंदिर : एक दर्जन च अखाड़ा दल के खिलाड़ियों ने दिखाये ह करतब, निकली झांकी : हीरापुर हरि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में एक झ प दर्जन से ज्यादा अखाड़ा दलों ने पहुंचक कर करतब दिखाया. हीरापुर त व्यवसायिक समिति द्वारा मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इससे पूर्व हीरापुर हटिया स्थित महावीर मंदिर में भगवान हनुमान को पताका चढ़ाकर ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस हरि मंदिर परिसर पहुंची. विभिन्न झांकियां निकाली गयी.

पुराना बाजार : देर रात तक

## पुलिस लाइन : बीच सड़क पर खिलाड़ियों ने दिखाये करतब

**पुलिस लाइन प्रताप क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न दल के खिलाड़ी शामिल हुए. पुलिस लाइन मेन गेट के समीप सड़क की दूसरी ओर अखाड़ा खेलने के लिए स्टेज बनाया गया था. जहां, प्रताप अखाड़ा दल के खिलाड़ियों के साथ आये विभिन्न दलों के खिलाड़ियों ने करतब दिखाये.**

खिलाड़ियों ने दिखाया करतब तलवारबाजी का प्रदर्शन, पुरानाबाजार में मनईटांड़, कुम्हारपट्टी, मटकुरिया, कबाड़ीपट्टी, नया बाजार, धोवाटांड़, धनसार सहित अलग-अलग जगहों से एक दर्जन से अधिक अखाड़ा दल पहुंचे. पुराना बाजार पानी टंकी के पास मुख्य समारोह आयोजित किया गया. पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सभी अखाड़ा दल केखिलाड़ियों का स्वागत किया गया.

बड़ी संख्या में लोग अखाड़ा देखने को पुराना बाजार में जुटे थे.

# रामनवमी के अवसर पर कोयलांचल मे निकाले गए भव्य अखाड़ा, झांकी दिखये गए करतब




















# धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चुनावी अभियान का किया शांखनाद

- महिला का शोषण व गरिबों की जमीन लुटने के आरोपी हैं भाजपा प्रत्याशी दुल्लू- अनुपमा सिंह
- भाजपा का धनबाद प्रत्याशी दुल्लु जो पहले भी सजा काट चुका हैं, जिसपर चार दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद भाजपा ने दुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाया- जय मंगल सिंह विधायक बेरमो

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का हुआ धनबाद आगमन।बरवाअड्डा किसान चौक पर झामुमो सहित -कांग्रेसजनों ने कांग्रेस प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया।अनुपमा सिंह ने सबसे पहले किसान चौक पर स्थित किसान प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जिसके बाद वहां से होकर सरायढेला, स्टील गेट, हीरापुर होते हुए उनका काफिला हाउसिंग कालोनी जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचा। जहां महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर बेरमो विधायक जयमंगल सिंह ऊर्फ अनूप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशीद राजा अंसारी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे। धनबाद आगमन के क्रम में अनुपमा सिंह झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह से मिलने रघुकुल पहुची। जिसके बाद जिला वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक, कांग्रेस नेता बैंभव सिन्हा, कांग्रेस नेता रणविजय सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों से मिली और आशीर्वाद लिया।

कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस विश्वास के साथ हम पर भरोसा जताया है, निश्चित रूप से हम उस पर खरा उतरने का काम करुंगी, मुझे प्रत्याशी बनाए जाने के बाद लोगों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का पुरा प्रयास करूंगी, क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए दिल्ली में आवाज उठाऊंगी। हमें भरोसा और पूर्ण विश्वास है कि धनबाद की जनता हम पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर भारी मतों से हमें जीत दिलाएगी।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, राजेश्वर सिंह यादव, कयूम खान सतपाल सिंह ब्रोका, अनिल सिंह, अरविंद सैनी, राजेश कुमार राम, मंटू दास, अक्षयवर प्रसाद नवीन सिंह, इरफान खान चौधरी, कुमार संभव, जावेद रजा, गुड्डू खान, सीता राणा, पप्पू कुमार तिवारी, पिंटू तूरी, बाबू अंसारी, कुमार गौरव, राजू दास, बबलू दास, पूर्णेन्दु सिंह, विक्की कुमार, हेमंती जायसवाल, रूबी खातून, पूनम देवी, विक्की कुमार, शब्बीर कुमार, सुनीता निषाद, जानकी देवी, प्रतिमा पांडे, मधु कुमारी, मनोज घोष, माली गोप, सहित सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित थे।

## श्रद्धापूर्वक नवरात्रि मनाया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झाड़ूडीह स्थित अशोका अपार्टमेंट में संगीता एवं शक्ति बोस के परिवार द्वारा 9 दिन व्यापी नवरात्रि धूमधाम के साथ मनाया गया। दिनांक 9/4/24 को कलश की स्थापना की गई एवं नवमी का दीन श्री श्री मां अन्नपूर्णा देवि ,आददा मा एवं महानवमी का पूजा धूमधाम के साथ संपन्न की गई

## नवरात्रि महाष्टमी पर एमभीटी ऑफिस का हुआ उद्घाटन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद :मारवाड़ी विकास ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित एमभीटी रिसॉर्ट प्रांगण राज आंगन में एमभीटी ऑफिस का उद्घाटन नवरात्रि के महाष्टमी के दिन संध्या समय आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह मे अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एवम मुख्य अतिथि सह सलाहकार सज्जन खरकिया द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर वैधानिक मंत्रोच्चारण के साथ उद्घाटन किया गया। ट्रस्ट के इस ऑफिस का निर्माण का उद्देश्य ट्रस्ट के सभी निर्माण कार्य की देखरेख, दानदाताओं एवं सम्मानित सदस्यगण का प्रोजेक्ट की साइट पर ससम्मान कर निर्माण कार्य का अवलोकन कराना है। जैसा कि आपसभी को ज्ञात है कि इस रिजॉर्ट का निर्माण समाज हित के लिए किया जा रहा है जिसमे 100 कमरे, बैंक्विट हॉल, मंदिर सहित पांच सितारा रिजॉर्ट के विभिन्न लाभो को इस रिजॉर्ट से जोड़ने की परिकल्पना है। ईस रिसोर्ट का मुख्य आकर्षण 10000 स्क्वायर फीट का बैंक्वेट हॉल जो की बिना पिलर के होंगे एवं बैंक्विट हॉल 10000 स्क्वायर फीट लोन के साथ संलग्न होने से किसी भी कार्यक्रम में 20000 स्क्वायर फीट ग्राउंड फ्लोर में मंदिर के साथ समाज को उपलब्ध हो पाएगा। जहां पर 8000 से 10000 व्यक्ति किसी कार्यक्रम में आराम से बैठ पाएंगे। उद्घाटन समारोह मे समाज के लगभग 50 से 60 सम्मानित सदस्यों को प्रोजेक्ट का अवलोकन कराकर सम्मानित किया गया एवं सभी से सहयोग की अपेक्षा भी की गयी। कार्यक्रम का संचालन सचिव अनिल मुकीम एवम धन्यवाद ज्ञापन बिनोद पसारी ने किया।आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले में योगेन्द्र तुलस्यान, ललित सांवरिया, वेद प्रकाश केजरीवाल, अनिल गुप्ता,श्रवण खेतान, डी एन चौधरी, अशोक चौधरी, संतोष जालान, सुनील मित्तल, सतीश गोयल, ललित झुनझुनवाला, अमित अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, अनिल बंसल, राजेश पटवारी, हर्षित डालमिया, आकाश डालमिया, रवि अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, सुशील कुमार राजगारिया, नरेश गुप्ता, श्याम सांवरिया, दिनेश अग्रवाल, पवन केजरीवाल, प्रवीण अग्रवाल, संजय सरिया, सतीश सरिया के अलावा अन्य गणमान्य सम्मानित ट्रस्टी उपस्थित थे।

## धनबाद लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने रामनवमी के अवसर पर पूजा अर्चना क़ी, लोगों ने किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष व धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी सुनैना सिंह किन्नर का रामनवमी के मौके पर मनाईटांड़ समेत कई अखाड़ा दलों ने उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही पगड़ी और तलवार देकर उन्हें सम्मानित भी किया। इस मौके पर सुनैना सिंह किन्नर ने कहा कि जिस तरह से मुझे आज धनबाद की जनता सम्मान दे रही है मैं यह सम्मान उन्हें शुद समेत लौटाऊंगी, क्योंकि धनबाद के लोग काफी परेशान है और त्राहि त्राहि कर रही हैं। यह बहुत ही चिंतनीय बात है सरकार चाहे किसी की भी हो जनप्रतिनिधि कोई भी हो हमारे गरीब जनता पर कभी भी ख्याल नहीं किया। यह सम्मान एक किन्नर समाज के लिए बहुत बड़ी बात है।

## प्रिंस गैंग की रंगदारी कारोबार से जुड़े दो अपराधी को बैंक मोड़ पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : बैंकमोड़ थाना प्रभारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो अज्ञात व्यक्ति हथियार के साथ भूली ओभरब्रीज के नीचे घुम रहे हैं। इस संबंध में SSP एचपी जनार्दनन को सूचित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था धनबाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भूली ओभरब्रीज के नीचे छापामारी दल के साथ पहुँचे तथा दो व्यक्ति को हथियार एवं गोली के साथ पकड़ा गया जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

पकड़ाये व्यक्ति 1 संजू उर्फ राशिद हसन, 2 मो दानिश ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए बताये कि ये दोनो प्रिंस खान के गैंग से जुड़े हुए हैं तथा प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसुलने हेतु एक बड़े व्यवसाई के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। इस संबंध में बैंक मोड़ थाना कांड सं0-66/24 दि0-17.04.2024 धारा-25(1-बी) ए/26/35 शस्त्र अधिनियम।

# भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो पर 50 एकड़ जमीन कब्जा करने का आरोप सरयू राय ने लगाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



PL डेस्क जमशेदपुर : जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सह पूर्व मंत्री सरयू भाजपा के धनबाद लोक सभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आरोपों की झड़ी ही नहीं लगा रहें बल्कि बेनामी संपति का कच्चा चिट्ठा उजागर करने के बाद विधायक पर ग्रामीणों का जबरन जमीन हड़पने का भी आरोप लगाया है, सरयू राय ने इस बार प्रेस विज्ञप्ति में सुबूत के साथ ब्यौरा दिया है कि कैसे विधायक ढुल्लू महतो ने 50 एकड़ रैयती जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है ...प्रशासन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहीं है..

-: विधायक सरयू राय का प्रेस वक्तव्य:-जमशेदपुर, दिनांक 17.04.2024 भाजपा के झारखंड प्रभारी श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी के कतिपय कारनामों से अवगत करना चाहता हूँ।

धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा के घोषित प्रत्याशी, संप्रति बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के लेदीडुमर गाँव (मौजा संख्या 116) के किसानों ने दो दिन पहले मुझे पत्र लिखकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। किसानों का कहना है कि इस संबंध में वे धनबाद के उपायुक्त और झारखंड के माननीय राज्यपाल को भी क्रमशः 17.10.2022 और 23.03.2022 को अवगत करा चुके हैं। उनकी और आसपास के कतिपय गाँवों की 50 एकड़ से अधिक रैयती जमीन और इससे अधिक सरकारी जमीन पर विधायक श्री ढुलू महतो ने जबरन कब्जा में ले लिया है और घेराबंदी कर दिया है। घेराबंदी के भीतर के 'पुना महतो सेवा संस्थान' के बैनर तले, कौशल विकास केन्द्र चला रहे हैं। चहारदीवारी के भीतर गाँव का सार्वजनिक मंदिर भी है। किसानों ने अपने पत्र में जिसे उन्होंने धनबाद के उपायुक्त को दिनांक 17.10.2022 को लिखा है और बाद में माननीय राज्यपाल झारखंड को उन्होंने दिनांक 23.03.2022 को पत्र भेजकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। बताया है कि बाघमारा अंचल के लेदीडुमर (मौजा संख्या 116), चिटाही एवं दरिदा (मौजा संख्या 120) के साथ ही मुराईडीह गांव के रैयतों की पुस्तैनी जमीन पर भी बाघमारा विधायक ने जबरिया कब्जा कर लिया है।

## राम नवमी अवसर पर बाबु डीह जिला स्कूल प्रांगण में अटल अभियान द्वारा आयोजित शोभा यात्रा एवं अखाड़ा समारोह



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : राम नवमी के शुभ उपलक्ष पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धनबाद के बाबु डीह जिला स्कूल प्रांगण अटल अभियान चीते द्वारा आयोजित शोभा यात्रा एवं अखाड़ा समारोह में बतौर विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित हुई जहा समिति सदस्यों ने श्रीमती सिंह को अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया वही श्रीमती सिंह ने सभी को रामनवमी पर अपनी विशेष मंगलकामनाएं दी।इस दौरान मौके पर धनबाद विधायक श्री राज सिन्हा पूर्व पार्षद श्री अशोक पाल श्री पुरषोत्तम रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वही आयोजन कर्ताओं में मुख्य भूमिका में श्री राहुल सिंह श्री रौशन सिंह श्री सागर सिंह श्री पियूष सिंह श्री निखिल सिंह श्री हिमांशु सिंह श्री आदित्य सिंह आदि मौजूद थे।





## कबाड़ी पट्टी नया बाजार में श्री श्री शिव शंकर दल द्वारा आयोजित अखाड़े में सम्मिलित हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा जी

## चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के मंच पर दिखा कौमी एकता आपसी भाईचारा



▶ सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा - सोहराब

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : श्री राम नवमी के पावन अवसर पर पुराना बाज़ार में दर्जन भर अखाड़ा दलों ने अपने करतब खेल कौशल का बेजोड़ नमूना प्रस्तुत किया! चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा पुराना बाज़ार रेलवे फाटक के पास सेवा मंच का निर्माण किया गया था! मंच से चैंबर के पदाधिकारियों ने अखाड़ा दलों का स्वागत करते नजर आए और चैंबर की ओर से लाइट की व्यवस्था की गई थी और श्रद्धालुओं के लिए पेय जल और शर्बत की व्यवस्था चैंबर के द्वारा की गई थी! पाटलिपुत्र नर्सिंग जोड़ाफाटक की ओर से फर्स्ट एड और एबुलेंस की व्यवस्था की गई थी! चारो ओर जय श्री राम के जयकारों से पुराना बाज़ार गूंज रहा था! चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सदस्य स्थानीय पुलिस के जवानों की सहायता करते भी दिखे! चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सोहराब खान ने बताया के बिना आग,पटाखा और ट्यूब लाइट के खेल को प्रोत्साहन देने के लिए अनुशासित खेल करतब दिखाने वाले अखाड़ा दलों को चैंबर द्वारा पुरुस्कृत किया गया है।



# जय श्री राम अखाड़ा समिति कांड्रा ने बजरंगबली मंदिर से निकाला राम, लखन, हनुमान एवं माँ दूर्गा की आकर्षक झाकी के साथ रामनवी जूलूस

पोलिट लाइव रिपोर्टर








सिंदरी: जय श्री राम अखाड़ा समिति कांड्रा द्वारा रामनवमी के अवसर पर हेठ कांड्रा बजरंगबली मंदिर शिव शक्ति क्लब मैदान से राम,लखन, हनुमान एवं माँ दूर्गा की आकर्षक झाकी के साथ रामनवी के जूलूस सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के विधायक प्रतिनिधि सह आखाडा समिति के अध्यक्ष कुमार महतो के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया,जो हेठ कांड्रा बस्ती से चलकर श्री श्री बाबा दक्षिणेश्वर बजरंगबली मंदिर, राजकीयकृत मध्य विधाल अपर कांड्रा होते कांड्रा बाजार पहुंचा। यहां से जुलूस कोलबोड कालोनी हनुमान मंदिर होते हुए कांड्रा गौशाला मुख्य सडक मार्ग से गौशाला बाजार पुराना फाडी,गुरूदास चटार्जी मोड होते गौशाला दुर्गा मंदिर पहचा। जहां पर गौशाला दुर्गा मंदिर कमेटी के रामनिवास अग्रवाल, सुभाष गोयल,नितिश गर्ग,रमेश शर्मा, मुकेश जिंदल, अनी गोयल, निशू गोयल, बला भाई,अशोक अग्रवाल, प्रदिप केजरीवाल, राजेश अग्रवाल आदि ने रामनवमी जुलूस में शामिल लोगों का सिंदरी विधायक पत्नी सह भाजपा नेत्री सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति तारा देवी, एवं लोजपा राम विलास युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ द्विवेदी को तलवार भेटकर स्वागत किया एवं सिंदरी विधायक पुत्र प्रशांत कुमार महतो ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत पगड़ी पहना कर किया। इससे पूर्व रामनवमी आखाडा जुलूस में शामिल युवको ने इस दोरान जगह जगह रूखकर एक से बढकर एक आकर्षक लाठी खेल, तलवार बाजी आदि खेलो का प्रदर्शन किया साथ ही जय श्रीराम जय हनुमान के गगनभेदी नारे लगाए चल रहे थे। जूलूस के साथ गौशाला ओपी प्रभारी अनील मंडल के नेतृत्व में पुलिस की दल का चल रहा था। रामनवमी जूलूस में भाजपा नेता संतलाल प्रमानिक, रणबीर महतो, करन महतो,विश्व हिन्दू परिषद के सोनू सिंह,गवर्धन मंडल, टिंकू महतो,गंगाधर महतो, विधाधर महतो, चेतन सिंह, स्वर्ण महतो,दुलाल महतो प्रकाश बाउरी, समेत बडी संख्या में कांड्रा बस्ती के लोग शामिल थे। हेट कांड्रा बजरंगी मंदिर शिव शक्ति मैदान से रामनवी आखाडा जुलूस शाम पांच बाजे निकला था ओर समाप्त रात्रि लगभग नौ बाजे हुई। रामनवमी जुलूस में लोगों को सबसे आक्रोशीत किया पंश्चिम बांगाल के पुरूलिया से पहुंच कर शामिल हुए छोव नृत्य।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर टुंडी महाराजगंज में रामनवमी अवसर पर निकला अखाड़ा जुलूस

पोलिट लाइव रिपोर्टर



टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के महाराजगंज लछुरायडीह स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में रामनवमी के अवसर पर बुधवार की देर संध्या अखाड़ा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने डंडा, भाला और तलवार के साथ कई तरह के हैरत अंगेज कौशल दिखाते हुए चल रहे थे। इस दौरान जोरदार जय श्री राम के नारे भी लगा रहे थे। जुलूस में शामिल लोगों द्वारा निकाली गई कई मनमोहक झांकियां भी लोगो को अपने ओर ध्यान आकर्षित करा रहा। यह जुलूस संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कन्हाईडीह, महाराजगंज, लछुरायडीह होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान रास्ते में कन्हाईडीह, महाराजगंज, लछुरायडीह में अखाड़ा के लोग जुलूस में शामिल होते गये। इस दौरान टुंडी पुलिस प्रशासन पूरे रास्ते में मुस्तैद दिखे और जुलूस के साथ चलते रहे। वहीं कमारडीह पंचायत के भोजुडीह, रामपुर, हरलाटाँड़, सुन्दरपहाड़ी में भी अखाड़ा जुलूस निकाला गया।

## राम नवमी के अवसर पर दक्षिणी टुंडी क्षेत्र के नावाटांड से निकला भव्य शोभा जुलूस

पोलिट लाइव रिपोर्टर



टुंडी : विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल टुंडी प्रखंड के राम भक्त कार्यकर्ताओं ने राम नवमी के अवसर पर बुधवार को दक्षिणी टुंडी क्षेत्र के नावाटांड से अखाड़ा जुलूस निकाल कर ओझाड़ीह कटनिया, आसन डाबर, नावाटांड, मंझलीटांड आदि क्षेत्र का नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए कलाली मोड़ आसान डाबर में बाबा मनीर मस्तान के नेतृत्व में सभी राम भक्तों को ठंडा जल एवं शर्बत के साथ स्वागत किया गया। अखाड़ा जुलूस में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर, सपन ओझा, शमीम अंसारी, गुड्डू अंसारी, विनय महतो, राजेश मंडल, बाबा बैजनाथ ओझा, दिलीप ओझा, सुजीत महतो, हीरो महतो, लोकनाथ महतो, जस्ता मलिक, कृष्ण मलिक, राधेश्याम मलिक, रतिलाल महतो, टुनटुन काजी, मुकेश ठाकुर, दिलीप सिंह, रूपेश सिंह, पंचू मंडल, नरेश सोनार सहित भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## भाजपा सिंदरी नगर क़ी बैठक कांडरा मे संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : सिंदरी नगर के कांडरा में बूथ संख्या 375, 376, 377, 378, 379, 380, 381में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक ने की। बूथ के बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी अपने अपने बूथों को मजबूती प्रदान करने में अभी से लग जाएं और पहले की अपेक्षा 10% ज्यादा मतदान हो इसके लिए भी प्रयास करें। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो जी का नामांकन है उसमे कांडरा से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता और जनता धनबाद चले।

## 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में उपर कांड्रा बाउरी टोला मे अपने ही घर मे कम्बल से लिपटा मिला

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: गौशाला ओपी अंतर्गत उपर कांड्रा विश्वकर्मा टोला के समिप बाउरी टोला निवासी 35 वर्षीय हाकिम बाउरी के शव आज रात्रि उनके घर के आगन में बीस्तर से लपेट आगन में संद्धिग्ध अवस्था में मिलने पर सन सनी फेल गया। शव पर गर्म पीनी डालने से शरीर का चमडी उठा था तथा शरीर पर जगह जगह चोट का निशान हैं। हाकिम बाउरी के चाचा विदेसी बाउरी ने बताया की हमारे घर मे हम दो चाचा भतीजा रहते है हम दोनों दैनिक मजदूर है सुबह से हम मजदूरी करने गए थे हाकिम घर मे था शाम को रामनवमी के जुलूस था तो उधर बाजार में रह गए घर लगभग 8 बजे पहुँचा तो देखा कि घर आँगन कम्बल ओढ़ कर सोया हुआ है कोई जब घर के अंदर देखा तो हाकिम नही था कम्बल हटाने पर देखा कि हाकिम के हाथ पेट जला हुआ है और शरीर मे चोट का निशान है मृत अवस्था मे पड़ा हुआ। स्थानीय लोगो ने बताया कि हाकिम बाउरी और उनके चाचा बिदेसी बाउरी दो आदमी ही घर मे रहते थे हाकिम का शादी वर्ष 2012 में कण्डरा डी भी सी के पास हुआ था जिस से दो बेटे है हकीम के बेरोजगारी के कारण उनकी पत्नी बिगत एक वर्ष से अपने बच्चों के साथ अपने माता पिता के घर मे रहती है। किसी ने हाकिम की हत्या कर दी गई हत्या के बाद हाकिम को जलाने का प्रयास किया गया। गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि हाकिम बाउरी नामक युवक की हत्या की सूचना मिली थी सूचना पा कर पुलिस पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के लिए ओपी लाई है|

प्रथम दृष्टिया शव को देखकर लग रहा है कि गर्म पानी से जलाया गया है और मारपीट की चोट शरीर में दिख रहा है। मामले की जाँच कर आगे की करवाई की जाएगी। मृत्यु के पत्नी आपने बच्चों के साथ मेड़के डीवीसी मोड कांड्रा मै रहे हैं

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन गोविंदपुर पहुंच कर श्री रामनवमी जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था का मुआयना किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन बुधवार को गोविंदपुर पहुंचे तथा श्री रामनवमी जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि श्री रामनवमी, दुर्गापूजा विसर्जन एवं मुहर्रम जुलूस के रूट में गोविंदपुर के दोनों समुदायों का फैसला ऐतिहासिक है । एक- दूसरे के धार्मिक स्थलों का सम्मान करते हुए उसके आगे से जुलूस का नहीं गुजरना भाईचारा एवं सौहार्द का बहुत बड़ा संदेश देता है। यदि इसी तरह की परंपरा हर जगह हो जाए तो प्रशासन को कोई परेशानी ही नहीं होगी । श्री जनार्दनन ने इसके लिए गोविंदपुर के दोनों समुदायों की सराहना की। उन्होंने सभी रामनवमी अखाड़ा दलों को भी बधाई दी। मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालय एक शंकर कामती, बीडीओ जहीर आलम, पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद, संतोष मिश्रा आदि मौजूद थे, गोविंदपुर ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर अखाड़ा के लाइसेंसी नीरज विश्वकर्मा, शंभू प्रसाद भगत, काली मिस्त्री, भोला गुप्ता आदि ने सभी अधिकारियों को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। यहां 12 लाइसेंसी एवं 5 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों ने जुलूस निकला।

इस दौरान खिलाड़ियों ने आकर्षक करतब दिखाए।









## आकर्षक झांकी निकाली गई

गोविंदपुर वाणी मंदिर , बीच बाजार ठाकुरबाड़ी , ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर व हरिलाजोड़ी मंदिर रंगडीह ने आकर्षक झांकी निकाली थी। बीच बाजार हनुमान मंदिर, गांव भीतर दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आमाघाटा, हनुमान मंदिर गोसाईडीह, बस्तीपुर अखाड़ा दल, बागसुमा अखाड़ा दल, रतनपुर अखाड़ा दल, खिलकनाली अखाड़ा, कुसुमाटांड़-कुम्हारडीह अखाड़ा दल, बाउरी कुलही, हरिलाजोड़ी शंकर मठ, गायडहरा बाद हनुमान मंदिर व हिंद नगर हनुमान मंदिर से रामनवमी अखाड़ा निकला गया। इस दौरान सामाजिक संस्थान नागरिक समिति एवं लायंस क्लब तथा मंडल डेकोरेटर की ओर से पेयजल व शरबत शिविर लगाया गया था। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख डीएनडी सिंह, लक्ष्मी नारायण पुरी, बलराम साव, शिशिर भगत विकास शाही, जीतू गुप्ता, सुरेश भगत, किशन अग्रवाल, राजकुमार गिरि, पप्पू सिंह, संजय भगत, रति रंजन गिरि, मोबिन अंसारी, मोइन अंसारी, अनूप साव, जितेश जायसवाल, डॉ आरके शर्मा, वीरेंद्र रजक, सपन भगत, अमरदीप सिंह , नितेश गुप्ता, जहीर अंसारी, विपिन रजक आदि शामिल थे।



# बजरंगबली मन्दिर समिति तिसरा चांद कुइया कॉलोनी में राम नवमी अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का किया आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: चांद कुइया कॉलोनी बजरंगबली मन्दिर समिति द्वारा राम नवमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया.जजमान अखिलेश तिवारी, पंडित मुकेश पांडेय,संजय तिवारी थे.व्यास हरे राम हरे राम राम हरे हरे,मंटु व्यास की मंडली ने भजन गाया. उद्घाटन तीसरा थानेदार सुमन कुमार,ने किया. मंदिर कमिटी के शेलेन्द्र सिंह.दसरथ प्रसाद,रजनीश शर्मा,सुमीत सिंह, गुरुचरण महतो,आलोक सिंह. युधेश्वर सिंह ,उदय सिंह,दीपक,रवि,दीपू आदि थे वहीं जय रामपुर मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर में भी 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया यहां जय मंगल सिंह एवं श्रवण व्यास की ओर से हरे राम की धुन गया गया। बेरा कोलियरी काली मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का समापन किया गया मन प्रसाद का भी आयोजन किया गया। कुइयां 10 नंबरकाशी विश्वनाथ शिव मंदिर में आमटाल के मुखिया संजय गोराई की ओर से पूजा अर्चनाकी गई। घनुडीह, एम ओ सी पी अलकडीहा शिव मंदिर धाम में भी पूजा अर्चना की गए। चांद कुइयां न्यू कॉलोनी में आचार्य विद्यासागर पांडे की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष में हवन पूजन कराया गया महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया।



# तोपचांची ढागी जोड़ा मंदिर में बड़ी धूमधाम से मना राम लला जन्मोत्सव

पोलिट लाइव रिपोर्टर


गोमो: बजरंगबली के सिद्धि पीठ माना जाने वाले तोपचांची प्रखंड के ढांगी पंचायत स्थित जोड़ा मंदिर में राम लला जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक के द्वारा आयोजित जोड़ा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह नवाहपरायण मानस यज्ञ का बुधवार को पूर्णाहुति हुआ। रामनवमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में राम भक्तों का तांता लगा रहा। जोड़ा मंदिर में हनुमंत साधक के रुप प्रचलित आचार्य विश्वनाथ पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व विधिविधान के साथ ध्वजारोहण किया गया। यज्ञ के पूर्णाहुति के बाद महा भण्डारा का आयोजन किया गया। झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कहा कि पिछले 56 वर्षो से राम लला का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से जोड़ा मंदिर में मनाया जाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि 56 वर्ष पहले पिता आचार्य विश्वनाथ पाठक को हनुमान जी का दर्शन हुआ था। मंदिर के निर्माण को लेकर संदेश मिला था। मंदिर निर्माण के बाद जो भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना को लेकर मंदिर पहुंचते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। तथा रामनवमी के शुभ अवसर पर झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भक्तगण पूजा अर्चना करने के लिए यहां पहुंचते हैं।



# स्वामी बालकानंद गिरि महाराज कौवाबांध में भागवत करते हुए कहा कि महिलाएं ममता मय देवी है इनका सम्मान करना चाहिए

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : आनंद पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज ने कौवाबांध स्थित राजविलास रिसोर्ट में देवी भागवत करते हुए बुधवार को कहा कि महिलाएं ममतामई देवी है। इनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। जिस घर में माता का सम्मान होता है, वहां साक्षात लक्ष्मी का वास होता है। ऊंचे ऊंचे महल बना लेना सुख समृद्धि का परिचायक नहीं है। यदि झोपड़ी में रहकर भी परिवार की माताएं और वृद्ध हंसते हैं तो समझा जाए कि उसे घर में लक्ष्मी है और उसे घर की समृद्धि व तरक्की तय है। श्री गिरि महाराज ने माता को संदेश दिया कि सत्य का पालन करें। परिवार के सभी सदस्यों को एकजुट रखें। उन्होंने कहा कि आज घरों में महाराणा प्रताप और शिवाजी जैसे सुपुत्र पैदा नहीं होते क्योंकि ऐसी महान माताओ की कमी है। उन्होंने कहा कि माता को सहनशील होना जरूरी है माताएं यदि सहनशील नहीं होगी तो घर में तरह-तरह की बाधा उत्पन्न होगी। माता पर तो पुरुष को कभी भी हाथ उठाना नहीं चाहिए जिस घर में पुरुष माता पर हाथ उठाते हैं उसे घर से लक्ष्मी भाग जाती है और वह पुरुष दरिद्र हो जाता है। इस अवसर पर कोलकाता से आए देवी भागवत मर्मज्ञ श्रीकांत शर्मा ने कहा कि घर को स्वर्ग या नरक बनाना माता पर निर्भर है माताएं यदि संस्कारी हो तो भाव के बीच भी घर स्वर्ग जैसा रहेगा और यदि माताएं नहीं चाहे तो तमाम सुविधाओं के बाद घर की स्थिति नर्क जैसी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देनी होगी बालक और बालिका में शिक्षा देने में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आज के दौर में बालिकाओं को भी तकनीकी शिक्षा जरूरी है बालिकाएं शिक्षित होगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। कथा आयोजक शंभूनाथ अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल, बलराम अग्रवाल व श्याम सुंदर केजरीवाल ने सभी का स्वागत किया।



# धोबनी में मासस की बैठक सम्पन्न



## मासस आंदोलन का जननी हैं :- आनंद महतो

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक धोबनी, हरि मंदिर प्रांगण में मुखिया चक्रधर महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन सुखलाल महतो ने किया । बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पुर्व विधायक आनंद महतो ने कहा की देश में मोदी का गारेंटी चल रहा हैं,लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी का वादा का गारेंटी कब से लागु होगा। अमीर दिन ब दिन अमीर होता चला जा रहा हैं। गरीब आज भी गरीबी रेखा से निचे गुजर बसर कर रहे हैं। मासस आंदोलन का जननी हैं। त्याग, बलिदान, संघर्ष ही इसकी

# रामनवमी पर अखाड़ा जुलूस राजगंज बजरंग बली मंदिर से हुआ प्रारम्भ




पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : रामनवमी को लेकर बुधवार को बजरंग बली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा विराट अखाड़ा जुलुश निकाला गया।सैंकड़ो युवतियां सर पर पगड़ी व हाथ मे तलवार लेकर "हम भारत के नारी हैं फूल नही चिंगारी हैं" के नारे के साथ चल रही थी।अखाड़ा जुलुश राजगंज बजरंग बली मंदिर से प्रारम्भ हुआ जो थाना कुल्ही, दलुडीह, राजगंज बाजार, हटिया,मेरा कुल्ही आदि का भ्रमण किया तत्पश्चात जुलुश मंदिर पहुंची।इस दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़ कर हैरतअंगेज खेल दिखाया साथ ही बंगाल के पुरुलिया से आये छौ नृत्य अखाड़ा जुलुश का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलुश में थानेदार तपन पाणिग्राही पूरे टीम के साथ मुस्तैद दिखें.

## बजरंग बली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति राजगंज ने महानवमी पर कन्या पूजन, हवन एवं रामनवमी पूजन किया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : बजरंग बली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति राजगंज द्वारा बुधवार को महानवमी के पावन अवसर पर बजरंगबली मंदिर परिसर में आचार्य मनोज पांडेय, गंगेश पांडेय, अनुज पांडेय, कार्तिक पांडेय, वीरू पांडेय, बासुदेव पांडेय एवं मुख्य यजमान सुबोध चौरासिया व इनकी पत्नी वंदना देवी की अगुवाई में नवमी पूजन, कन्या पूजन, हवन, शिद्धिघाटी पूजन, विहित पूजन महाआरती किया गया।साथ ही रामनवमी पूजा आचार्य मनोज पांडेय व यजमान संदीप अग्रवाल व इनकी पत्नी खुशबू अग्रवाल के द्वारा रामनवमी पूजन, हवन, झंडा पूजन महाआरती किया गया।

## कतरास डॉक्टर पाड़ा अखाड़ा में शामिल हुए जन शक्ति दल के अध्यक्ष सूरज महतो


पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास : डॉक्टर पाड़ा में अखाड़ा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जन शक्ति दल के अध्यक्ष सुरज महतो पहुंचे अखाड़ा समिति के सदस्यों ने श्री महतो जी को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया एवं अखाड़ा समिति के सभी सदस्य गणों को शांति पूर्ण अखाड़ा मनाने का शुभकामनाएं दिए।

## रामनवमी को लेकर कतरास पुलिस हाई अलर्ट मोड में

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास : रामनवमी को लेकर कतरास पुलिस हाई अलर्ट है कतरास पुलिस सभी संवेदनशीलों स्थान की जांच ड्रोन कैमरा से कर रही है पूरे जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरा से की जाएगी कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दी गई है जुलूस में पर्याप्त बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं .डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है. जबरन डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. रामनवमी जुलूस के पूर्व कतरास पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण रामनवमी मनाने की अपील की.

## लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर ने राम भक्तों को शीतल शरबत एवं जल प्रदान स्टॉल लगा कर किया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के बैनर तले महापर्व रामनवमी के शुभ अवसर पर राम भक्तों के लिए शीतल शरवत एवं शीतल जल प्रदान करने हेतु स्टॉल लगाया गया जिसमें करीब लगभग 4000 राम भक्तों को शरवत एवं शीतल जल पिलाकर के उनकी सेवा की गई !

आज का यह कार्यक्रम हर साल की भांति आयोजित हुआ महापर्व पर राम भक्तों की सेवा क्लब के लिए गौरव की बात है !इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा, क्लब सचिव लायन एसके राय ,क्लब कोषाध्यक्ष लायन संदीप विश्वकर्मा, लायन केडीएन आजाद ,लायन डां यूएल विश्वकर्मा, लायन एमएल शर्मा ,लायन एलेन सेन , लायन कमल अग्रवाल ,लायन अनुराग प्रदीप ,लायन राकेश कुमार, लायन विजय बरनवाल ,लायनआनंद गिरि ,लायन कैलाश दुदानी, लायन रितेश शर्मा , लायन राजेश जायसवाल, लायन उज्जवल मंडल आदि लाइन बंधुओं का भरपूर सहयोग रहा !इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित सभी लायंस सदस्यों के प्रति लायंस क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिलसे धन्यवाद दिया !

